संख्या–391/अड़सठ–3–2019–143/2019

प्रेषक,

देव प्रताप सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,
उ0प्र0 लखनऊ।

बेसिक शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 09 मार्च, 2019

विषयः–प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत जनपदों में कार्यरत रसोईयों का मानदेय रू0–1000/–प्रतिमाह से रू0–500 बढ़ाकर रू0–1500/– प्रतिमाह किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक–म0भो0प्रा0/4477/ 2018–19 दिनांक–15.01.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरान्त मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत कुल 4,05,353 रसोईयों के मानदेय में 10 माह हेतु पूर्व में दी जाने वाली रू0–1000/– प्रतिमाह के अतिरिक्त रू0–500/–प्रतिमाह की वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है अर्थात उक्त रसोइयों को सम्प्रति 10 माह तक रू0–1500/–की दर से प्रतिमाह भुगतान किया जायेगा।

कृपया तद्नुसार अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(देव प्रताप सिंह)
विशेष सचिव।

पृष्ठांकन संख्या–391(1)/अड़सठ–3–2019–143/2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।
2– महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,उ0प्र0,लखनऊ।
3– शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0/राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान, उ0प्र0 लखनऊ/निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0 लखनऊ/निदेशक, साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
4– सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज, उ0प्र0/सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज, उ0प्र0/अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0 प्रयागराज, उ0प्र0।
5– समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उ0प्र0।
6– समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0।
7– समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
8– समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग।
9– राज्य परियोजना निदेशक, महिला समाख्या, उ0प्र0 लखनऊ।
10– वरिष्ठ शोध अधिकारी, शिक्षा विभाग।
11– नियोजन अनुभाग–4/वित्त (ई–11)/बजट अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन।
12– वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद।
13– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)
अनु सचिव।

Edu-3 G.O.2018